पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आमजन से की गई अपील के दृष्टिगत राज्य सरकार की तैयारियों के सम्बन्ध में उच्चस्तरीय बैठक की

## प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री जी के आह्वान से जुड़ने की अपील की

## मुख्यमंत्री व मंत्रियों आदि की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत की कमी की जाए, फ्लीट से अनावश्यक वाहनों को हटाया जाए : मुख्यमंत्री

## प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को प्राथमिकता दी जाए

## मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, परिवहन निगम की बसों आदि के उपयोग पर बल

## सभी जनप्रतिनिधिगण सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें

## सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे आयोजित किया जाए, इस अभियान से सरकारी कर्मचारियों, स्कूलों–कॉलेजों के विद्यार्थियों समेत समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ें

## जिन संस्थानों में बड़ी संख्या में कार्मिक कार्यरत हैं, उन्हें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की अनुशंसा के लिए राज्य स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए

## प्रदेशवासियों से बिजली बचाने का आह्वान

## नागरिकों, वेडिंग प्लानर्स आदि से देश में ही आयोजन किए जाने की अपील, विजिट माई स्टेट अभियान शुरू किया जाए, जिसमें वेलनेस, ईको, ग्रामीण, वन्यजीव तथा खान–पान पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा मिले

## स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा दें

## प्रदेशवासियों से खाद्य तेल के उपयोग व ईंधन की खपत में कमी लाने का आग्रह

## लोग सोने की अनावश्यक खरीद न करें, प्रशासन स्थानीय ज्वेलर्स एसोसिएशन, व्यापारियों आदि के साथ बैठक कर उनकी चिंताओं को दूर करे

**लखनऊ : 12 मई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेशवासी ईंधन की खपत कम करें और अनावश्यक सोने की खरीद न करें। मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के आह्वान को प्रदेश में व्यावहारिक रूप से अपनाए जाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आमजन से की गई अपील के दृष्टिगत राज्य सरकार की तैयारियों के सम्बन्ध में आज यहां अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों आदि की फ्लीट में तत्काल 50 प्रतिशत की कमी की जाए। फ्लीट से अनावश्यक वाहनों को हटाया जाए। उन्होंने प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को भी प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक में मुख्य सचिव, डी0जी0पी0, सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जी ने पी0एन0जी0, मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों आदि के उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने सरकारी बैठकों, सेमिनारों, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप आदि के वर्चुअली आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने वैश्विक हालात को देखते हुए प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री जी के आह्वान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया में उथल-पुथल है, ऐसे में सभी को सावधानी बरतनी होगी। प्रधानमंत्री जी के आह्वान का पालन करने के लिए राज्यों को तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि मंत्री, सांसद, विधायक तथा जनप्रतिनिधिगण सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे आयोजित किया जाए। इस अभियान से सरकारी कर्मचारियों, स्कूलों-कॉलेजों के विद्यार्थियों समेत समाज के विभिन्न वर्गों को भी जोड़ें। स्कूल-कॉलेजों में स्कूली बस के प्रयोग को प्रोत्साहित करें। आवश्यकता पड़ने पर परिवहन निगम की बसों को भी स्कूलों से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री जी ने सार्वजनिक परिवहन, साइकिलिंग, कार पूलिंग तथा ई0वी0 के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि जिन शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है, वहां लोग इसका अधिकतम प्रयोग करें। अधिक मांग वाले मार्गों पर बस समेत पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाओं को बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग व आई0आई0डी0सी0 द्वारा औद्योगिक संस्थानों, बड़े स्टार्टअप्स आदि में वर्क फ्रॉम होम को प्रेरित किया जाए। जहां बड़ी संख्या में कार्मिक कार्यरत हैं, उन्हें सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की अनुशंसा

के लिए राज्य स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए। शिक्षा विभाग के सेमिनारों, बैठकों, वर्कशॉप समेत सरकारी बैठकों आदि का वर्चुअल आयोजन किया जाए। राज्य सचिवालय/निदेशालय की 50 प्रतिशत आन्तरिक बैठकें भी वर्चुअली की जाएं। उन्होंने कहा कि पीक आवर में ईंधन का उपयोग कम करने के लिए कार्यालय समय को अलग–अलग बैचों में बांटा जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों से बिजली बचाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों, घरों, निजी प्रतिष्ठानों आदि में बिजली का अनावश्यक प्रयोग न हो। निजी प्रतिष्ठानों/व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स आदि में रात 10 बजे के बाद सजावटी लाइटों का न्यूनतम प्रयोग हो।

मुख्यमंत्री जी ने सार्वजनिक साइकिलिंग शेयरिंग योजना को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगले छह माह तक गैर आवश्यक विदेशी यात्राएं न करें। उन्होंने नागरिकों, वेडिंग प्लानर्स आदि से देश में ही आयोजन किए जाने की अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भी हैरिटेज, ईको साइट्स, प्राचीन किले समेत अनेक अच्छे स्थल हैं, वहां डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा दें। विजिट माई स्टेट अभियान शुरू किया जाए, जिसमें वेलनेस, ईको, ग्रामीण, वन्यजीव तथा खान–पान पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा मिले। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कुजीन' को लागू किया। मुख्यमंत्री जी ने संग्रहालयों, स्मारकों आदि को कुछ समय निःशुल्क किए जाने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पर्यटन विभाग होटल, एयरलाइंस, टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट आदि के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दे। दुनिया में जहां भी उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक हैं, उन्हें प्रदेश में घूमने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए शॉपिंग फेस्टिवल, हेरिटेज टूर का आयोजन किया जाए तथा मन्दिरों एवं गोशाला आदि का दर्शन कराएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा दें। स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाए। त्योहारों, शादियों समेत विभिन्न आयोजनों में भारत में बने उपहारों, उत्पादों, हस्तशिल्प

सामग्रियों को बढ़ावा दें। राज्य सरकार की ओर से ओ0डी0ओ0पी0 तथा जी0आई0 टैग प्राप्त उत्पादों को उपहार के रूप में दिया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों से खाद्य तेल के उपयोग में कमी लाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, घरेलू बचत व आयात पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम जरूरी है। नाट्य श्रृंखलाओं के जरिए लोगों को जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग पोषण जागरूकता शिविर लगाए। इस सम्बन्ध में व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाए। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, जिला अस्पतालों, निजी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज, सरकारी कैण्टीन, मिड डे मील, जेल, छात्रावास, पुलिस मेस आदि में भी खाद्य सामग्रियों में तेल के कम प्रयोग पर जोर दिया। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी होटल, रेस्तरां, ढाबा, हलवाई, स्ट्रीट फूड आदि के यूनियन के साथ संवाद स्थापित कर कम तेल वाले खाद्य पदार्थों को बढ़ावा दें।

मुख्यमंत्री जी ने कृषि विभाग को नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। प्रदेश की गोशालाओं में 14–15 लाख गोवंश हैं। इनके गोबर का भी उपयोग किया जाए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री जी ने सोने की अनावश्यक खरीद से बचने का आग्रह किया। प्रशासन स्थानीय ज्वेलर्स एसोसिएशन, व्यापारियों आदि के साथ बैठक कर उनकी चिंताओं को दूर करे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में पी0एन0जी0 नेटवर्क का मिशन मोड पर विस्तार करें। इसके कनेक्शन को बढ़ाने पर जोर दें। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के साथ भी बैठक करें। पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी प्रोत्साहित करें। इसके जरिए रूफटॉप सोलर को अपनाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

———————

***PN-CM-High Level Review Meeting-12 May, 2026***